Answer With Details Solution (Test No 10)

1.
Answer: (c)
Explanation: चीन ने मार्च 2018 में मार्च- 3 B लॉन्च वाहन द्वारा कक्षा में सफलतापूर्वक एक नया संचार उपग्रह 'APSTAR-6C' लॉन्च किया। यह उपग्रह दांग फेंग हांग 4 (डीएफएच-4) मंच पर और 15 वर्षों के डिजाइन किए गए जीवन पर आधारित है।
Diff level : 2

2.

Answer: (b)
Explanation: भारत से रामित टंडन ने 6 मई, 2018 को अबू धाबी ओपन स्क्वैश खिताब जीता है। अबू धाबी में एक रोमांचक एक घंटे के फाइनल में, रामित ने मिस्त्र के नंबर एक अंक उमर मेगुइड को 11-6, 6-11, 11-3, 11-2 से हराया। यह पीएसए दौरे पर रामित का तीसरा खिताब है।
Diff level : 3

3.

Answer: (b)
Explanation: 4 मई 2018 को नई दिल्ली में ‘बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं’ के तहत 244 जिलों के राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में मेनका गाँधी हुए।
Diff level : 2

4.

Answer: (c)
Explanation: स्वीडश आयुध निगरानी कर्ता स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च (SIPRI) रिपोर्ट के अनुसार भारत विश्व में पांच सबसे बड़े रक्षा खर्चकार्ताओं में से एक बन गया है और उसने फ्रांस को भी पीछे छोड़ दिया है। भारत ने 2017 में अपनी सेना पर $ 63.9 बिलियन खर्च किए, जिसकी वृद्धि 2016 की तुलना में 5.5% थी। शीर्ष पांच अन्य देशों में अमेरिका, चीन, सऊदी अरब और रूस शामिल है।
Diff level : 3

5.

Answer: (c)
Explanation: वर्ष 2017 का इंदिरा गांधी शान्ति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को देने की घोषणा की गई। वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच देश का नेतृत्व करने और वैश्विक स्तर पर भारत का औहदा बढ़ाने के लिए इन्हें यह पुरस्कार दिया जायेगा। विश्व में भारत के नेतृत्व, पड़ोसी देशी के साथ संबंधों और देशवासियों के जीवन स्तर में बेहतरी व अर्थव्यवस्था में उनके योगदान के लिए उन्हें यह सम्मान के लिए चुना गया है। यह सम्मान प्रणव मुखर्जी की अध्यक्षता वाली एक अंतर्राष्ट्रीय ज्यूरी द्वारा पुरस्कार के लिए सर्वसम्मति से चुना गया।
Diff level : 2

6.

Answer: (a)
Explanation: वैश्विक भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत को 81वां स्थान दिया गया है। इस सूचकांक सूची में सार्वजनिक क्षेत्र के भ्रष्टाचार के मामलें को लेकर 180 देश को रखा गया है। यह सूचकांक 0 से लेकर 100 के पैमाने का उपयोग करता है। जहाँ 0 अत्यधिक भ्रष्ट को दिखाता है और 100 भ्रष्टाचार मुक्त को बताता है।
Diff level : 2

7.

Answer: (b)
Explanation: ओम प्रकाश मिथरवाल का संबंध निशोनबाजी से है। ओम प्रकाश मिथरवाल ने 21वें कॉमनवेल्थ गेम्स में कुल 201.1 अंक के साथ 50 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है।
Diff level : 2

8.

Answer: (b)

Explanation: 'द शेप ऑफ वाटर' को मार्च, 2018 में 90वें अकादमी पुरस्कारों (ऑस्कर पुरस्कार) में सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार दिया गया।
Diff level : 2

9.

Answer: (c)
Explanation: रक्षा मंत्रालय ने सेना के लिए 1.86 लाख बुलेटप्रुफ जैकेट्स उपलब्ध कराने के लिए एस.एम.पी.पी. प्राइवेट लिमिटेड नामक रक्षा फर्म के साथ 639 करोड़ रूपये के समझौते पर हस्ताक्षर किये।
Diff level : 2

10.

Answer: (a)
Explanation: भारतीय लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष के रूप में अरविंद सक्सेना को नियुक्त किया गया है। अरविंद सक्सेना भारतीय डाक सेवा 1978 बैच के अधिकारी है।
Diff level : 2

11.

Answer: (a)
Explanation: लोकटक झील मणिपुर राज्य में स्थित है

संबंधित राज्य	झील
केरल	बेम्बानड झील
आंध्र प्रदेश	हुसैनसागर झील
महाराष्ट्र	लोनार झील

Diff level : 2

12.

Answer: (c)
Explanation: बिहू असम राज्य के लोकनृत्य है। यह नृत्य वर्ष में तीन बार आयोजित किया जाता है। यह कचारी व कछारी जनजातियों में प्रचलित हैं।
Diff level : 2

13.

Answer: (b)
Explanation: लोदी वंश का संस्थापक बहलोल लोदी को दिल्ली पर प्रथम अफगान राज्य की स्थापना का श्रेय बहलोल लोदी को दिया जाता है। वह 19 अप्रैल, 1451 ई० को 'बहलोल शाहगाजी' की उपाधि से दिल्ली के सिंहासन पर बैठा
Diff level : 3

14.

Answer: (c)
Explanation: ब्रह्मपुत्र नदी एक अंतर-सीमा (ट्राँस-बाउंड्री) नदी है। यह तिब्बत में यारलुंग त्सांगपो के रूप में निकलती है, जहाँ से यह पूरे दक्षिणी तिब्बत से बहती हुई अरूणाचल प्रदेश (भारत) को जाती है जहाँ इसे दीहांग या सियांग के नाम से जाना जाता है। यह नदी दक्षिण-पश्चिम में असम घाटियों में ब्राह्मपुत्र के रूप में एवं दक्षिण में बांग्लादेश में यमुना के रूप में बहती है।
Diff level : 3

15.

Answer: (b)
Explanation: संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को किया गया। इसका मुख्यालय न्यूयॉर्क शहर में स्थित है। इसके पाँच स्थायी सदस्य हैं- अमेरिका, रूस, ब्रिटेन, फ्रांस तथा चीन।
Diff level : 2

16.

Answer: (b)
Explanation: सविंधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसम्बर, 1946 को हुई। इसके प्रथम बैठक की अध्यक्षता डॉ० सच्चिदानन्द सिन्हा ने किया तथा मुस्लिग लीग ने इसका बहिष्कार किया था।
Diff level : 2

17.

Answer: (c)
Explanation: जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर महावीर स्वामी हुए। महावीर का जन्म 540 ई० पूर्व में कुण्डग्राम

KV Classes
SSC| BANKING |RLY

(वैशाल) में हुआ। था। इनके बचपन का नाम सिद्धार्थ था। जैनधर्म के संस्थापक एवं प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव हुए।

Diff level : 2

18.

Answer: (b)

Explanation: राज्यसभा के सदस्यों के लिए न्यूनतम उम्र सीमा 30 वर्ष हैं। राज्यसभा एक स्थायी सदन है जो कभी भंग नहीं होती है। इसमें सदस्यों की अधिक से अधिक संख्या 250 हो सकती है। वर्तमान समय में सदस्यों की संख्या 245 है।

Diff level : 2

19.

Answer: (c)

Explanation: पूर्वी तटीय मैदान पूर्वी घाट और बंगाल की खाड़ी के मध्य उत्तर गंगा के मुहाने से दक्षिण में कन्याकुमारी अंतरीप तक विस्तृत है। पूर्वी तटीय मैदान को दो भागों में बाँटा गया है दक्षिण की ओर का हिस्सा कोरोमण्डल तट तथा उत्तरी हिस्सा को काकीनाडा तटा कहा जाता है।

Diff level : 3

20.

Answer: (d)

Explanation: 73वीं संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 के द्वारा संविधान में भाग 9 का उपबन्ध किया गया। इसमें अनुच्छेद 243 से अनुच्छेद 243 (0) तक कई प्रावधान किए गए। अनुच्छेद 243 (घ) में प्रावधान किया गया है कि अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण मिलेगा। इसी तरह 1/3 स्थान अनुसूचित जातियों/जनजातियों की महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे। ये स्थान चक्रानुक्रम आवंटित होंगे।

Diff level : 3

21.

Answer: (c)

Explanation: दिए गए प्रपात तथा उनसे सम्बन्धित नदियों का सुमेलन निम्न प्रकार है-

प्रपात		नदी
शिवसमुद्रम प्रपात	-	कावेरी
चुलिया प्रपात	-	चम्बल
जोग प्रपात	-	शरावती
धुंआधार प्रपात	-	नर्मदा

Diff level : 3

22.

Answer: (b)

Explanation: ज्ञान प्राप्ति के बाद सबसे पहले गौतम बुद्ध ने सारनाथ में गए और वह अपना प्रथम उपदेश सारनाथ (ऋषिपतनम्) में दिये, जिसे बौद्ध ग्रंथों में 'धर्मचक्र प्रवर्त्तन' के नाम से जाना जाता है। गौतम बुद्ध ने अपने उपदेश मगध, कोशल, वैशाली, कौशाम्बी एवं अन्य राज्यों पाली भाषा में दिये।

Diff level : 2

23.

Answer: (b)

Explanation: संविधान के 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 के अंतर्गत भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51(A) में 10 मूल कर्तव्यों की सूची जोड़ी गई है। सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिशों के आधार पर कर्तव्यों की सूची पूर्व सोवियत संघ के संविधान से ग्रहण की है।

Diff level : 3

24.

Answer: (c)

Explanation: भारत में सर्वाधिक सोयाबीन उत्पादित करने वाला राज्य मध्य प्रदेश है इसलिए इस राज्य को 'सोया प्रदेश' के नाम से भी जाना जाता है।

Diff level : 2

25.

Ans-(a)

KV Classes SSC| BANKING |RLY

Explanation: मद्रास की संधि एक शांति समझौता था जो वर्ष 1769 में मैसूर और ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच सम्पन्न हुआ था। इस संधि द्वारा पहला आंग्ल-मैसूर युद्ध समाप्त हुआ था। इस संधि के एक प्रावधान के अनुसार अगर कोई पड़ोसी राज्य हैदरअली के राज्य पर हमला करता तो ब्रिटिश सेना को मैसूर की सहायता करनी थी।

Diff level : 3

26.

Answer: (c)

Explanation: न्यायिक पुनर्विलोकन, भारतीय संविधान में अमेरिका के संविधान से लिया गया है। इसका तात्पर्य है सर्वोच्च न्यायलय द्वारा अपने पूर्ववती निर्णय या उच्च न्यायालय के न्याय का समीक्षा करना है।

Diff level : 3

27.

Answer: (b)

Explanation: दामोदर घाटी कोयला क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली झरिया कोयला क्षेत्र अपने बिटुमिन कोयले के लिए प्रसिद्ध है। यह कोयला झारखण्ड के धनबाद जिले में स्थित है। इस कोयले से कोक का निर्माण किया जाता हैं इस खान का राष्ट्रीकरण 1971 में किया गया।

Diff level : 2

28.

Answer: (a)

Explanation: मत्स्य पुराण के द्वारा सातवाहन वंश की विशेष जानकारी प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त विष्णु पुराण से मौर्य वंश एवं गुप्त वंश की जानकारी प्राप्त होती है। वायु पुराण से शुंग वंश की जानकारी प्राप्त होती है। 18 पुराणों में से सबसे प्राचीन एवं प्रमाणिक पुराण मत्स्य पुराण है।

Diff level : 3

29.

Answer: (d)

Explanation: आय विधि द्वारा सकल राष्ट्रीय उत्पाद मापने के लिए वर्ष भर में उत्पादन साधनों को मुद्रा में दिए गए पुरस्कार शामिल किए जाते हैं। इस विधि में सकल राष्ट्रीय उत्पादन निम्नलिखित मदों का जोड़ होता है- GNP = मजदूरी तथा वेतन + किराया + ब्याज + लाभांश + अतिरिक्त नियम लाभ + मिश्रित आय + प्रत्यक्ष कर + परोक्ष कर + मूल्यह्रास + विदेशों से अर्जित शुद्ध आय।

Diff level : 2

30.

Answer: (b)

Explanation: वे वस्तुएं जो उपभोकताओं के उपभोग या फिर फर्मो के निवेश के लिए निर्धारित होती है, ‘अंत्य वस्तुएं’ (Final Goods) कहलाती ह।ै

Diff level : 3

31.

Answer: (c)

Explanation: संघ सूची (सूची-1) में 100 विषय शामिल हैं (यद्यपि अंतिम विषय की संख्या 97 है)। भारतीय संविधान के भाग XI में यह सूची दी गई है, जिस पर कानून बनाने का अधिकार केन्द्र सरकार को है। 100 विषयों की सूची में से, एक विषय ऐसा है जिसे उपयोग में नहीं लाया गया है।

Diff level : 3

32.

Answer: (a)

Explanation: किसी निगम के लेनदार बॉन्ड धारक होते हैं। बॉन्ड एवं डिबेंचर का तात्पर्य ऋण पत्रों से हैं जिन्हें केन्द्रीय सरकार, राज्य सरकार अथवा किसी संस्थान द्वारा ऋण लेकर जारी किया जाता है।

Diff level : 2

33.

Answer: (a)

Explanation: अर्थशास्त्र के नियम के अनुसार ‘‘अन्य बातों के समान रहने पर, जैसे ही वस्तु की कीमत में वृद्धि होती है, माँग की मात्रा कम हो जाती है, इसी प्रकार वस्तु की कीमत में कमी होने पर माँग की मात्रा में वृद्धि हो जाती है।’’ अत: अन्य बातों के समान रहने पर वस्तु की कीमत और वस्तु की माँग में प्रत्यक्षत: विपरीत संबंध है।

Diff level : 2

34.

Answer: (d)

Exp- अनुच्छेद 243 (झ) के तहत राज्य के राज्यपाल को पंचायतों की वित्तीय स्थिति के पुनर्विलोकन करने के लिए वित्त आयोग का गठन करने का अधिकार है।

Diff level : 2

35.

Answer: (d)

Explanation: समुद्र गुप्त का दरबारी कवि ‘हरिषेण’ था, जिसने इलाहाबाद प्रशस्ति लेख की रचना की। इस प्रशस्ति अभिलेख के सातवें श्लोक में समुद्रगुप्त के विजय अभियानों का उल्लेख है।

चरक कनिष्क के दरबार में रहने वाला आयुर्वेद के प्रसिद्ध विद्वान थे, जिसने ‘चरक संहिता’ नामक पुस्तक की रचना की। जबकि वीरसेन चन्द्रगुप्त द्वितीय का प्रधान सचिव था।

Diff level : 3

36.

Answer: (d)

Explanation: ‘मजलिस’ इरान देश के संसद का नाम है।

देश	संसद का नाम
भूटान	त्सोंगडू
अफगानिस्तान	शोरा
रूस	ड्यूमा

Diff level : 3

37.

Answer: (c)

Explanation: कुतुबउद्दीन अपने शासन के चार वर्ष बाद 1210 ई० में लाहौर में पोले खेलते समय घोड़े से गिरने के कारण इनकी मृत्यु हो गयी। कुतुबउद्दीन (1206 ई० से 1210 ई०) तक गुलाम वंश का संस्थापक एवं मुहम्मद गोरी का गुलाम था। मुहम्मद गौरी के मृत्यु के बाद कुतुबउद्दीन ने स्वतंत्रा शासक बना। कुतुबउद्दीन ऐबक ने ‘कुवत-उल-इस्लाम’ मस्जिद एवं अजमेर में ‘ढाई दिन का झोपड़ा’ का निर्माण करवाया।

* इल्तुतमिश - इल्तुतमिश को दिल्ली का वास्तविक संस्थापक माना जाता है। इनका शासनकाला 1210 से 1236 ई० तक रहा। इल्तुतमिश तुर्किस्तान का इल्बरी तुर्क था, जो ऐबक का गुलाम एवं दामादा था। इल्तुतमिश ने गयाशुद्दीन को पराजित कर बंगाल में दिल्ली सल्लतन का इक्ता (सूबा) बनार्या अर्थात् इक्ता प्रथा को लागू किया।

Diff level : 2

38.

Answer: (b)

Explanation:

देश	मुद्रा
दक्षिण कोरिया	वॉन
मेक्सिको	पीसी
जापान	येन
इटली	यूरो

Diff level : 2

39.

Answer: (b)

Explanation: अशोक चक्र पाने वाली प्रथम भारतीय महिला ‘नीरजा भनोट’ जिसने इस सम्मान को पाया।

भानु अथैय्या - ऑस्कर पुरस्कार जीतनेवाली प्रथम भारतीय महिला।

अन्ना चांडी - देश की प्रथम महिला सत्र न्यायधीश।

SSC| BANKING |RLY

कुंजरानी - अर्जुन एवं राजीव गांधी खेल रत्न दोनों पुरस्कार पाने वाली प्रथम भारतीय महिला।
Diff level : 2

40.

Answer: (b)
Exp- भारत में प्रभावी राजस्व घाटा पहली बार 2011-12 के संघीय बजट में किया गया। प्रभावी राजस्व घाटा = राजस्व घाटा – पूँजी सम्पत्ति के सृजन से संबंधित अनुदान।
Diff level : 3

41.

Answer: (b)
Explanation: भारत आने वाला पहला डच व्यापारी कोर्नेलियस हौउटमैन था, जो 1596 ई० को भारत में व्यापार करने के लिए आया। डचों का भारत में आगमन का मुख्य उद्देश्य भारत से सूत्री वस्त, कच्चा रेशम, अफीम, नील, नमक आदि को सीधा बाजार में प्रवेश करना था।
* जमोरिन - जमोरिन पुर्तगाली राजा था, जिसने वास्कोडिगामा के भारत आगमन पर उसका स्वागत किया।
* अल्मीड़ा - फ्रांसिस्को द अल्मीड़ा भारत का पहला पुर्तगाली गवर्नर था। यह 1505 ई० में पुर्तगाल का पहला गवर्नर बना
Diff level : 3

42.

Answer: (c)
Explanation: सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला देश सिंगापुर है। जबकि कनाडा सबसे लंबी सीमा वाला देश है और जिब्राल्टर सबसे छोटा सीमा वाला देश तथा भारत सर्वाधिक निर्वाचक संख्या का देश है।
Diff level : 2

43.

Answer: (a)
Explanation: सोन नदी अमरकण्टक की पहाड़ियों से निकलकर उत्तर-पूर्व में चलकर पटना के निकट गंगा नदी में मिलती है। यह नदी 780 किमी० लम्बी है।
Diff level : 2

44.

Answer: (c)
Explanation: मालिंदपान्हो पाली भाषा की प्रमुख बौद्ध ग्रंथ है। प्रमुख बौद्ध में दीपवंश एवं महावंश भी शामिल है जो पाली भाषा में संकलित है।
Diff level : 3

45.

Answer: (d)
Explanation: स्वतंत्रता के पश्चात् डॉ० बी०आर० अम्बेडकर विधि (कानून) मंत्री थे जबकि अंतरिम सरकार (1946) में कानूनी मंत्री जोगेन्द्र नाथ मंडल थे।
Diff level : 3

46.

Answer: (c)
Explanation: 'लिली' फ्रांस देश का राष्ट्रीय चिन्ह हैं।

राष्ट्रीय चिन्ह	देश
गुलाब का फूल	इरान
ईगल	स्पेन
सफेद लिली	इटली

Diff level : 3

47.

Answer: (a)
Explanation: अर्थशास्त्र के यूनिट लाभ, यूनिट मूल्यह्रास लागत और यूनिट श्रम लागत की राशि को जोड़ कर यूनिट मान/लक्ष्य प्राप्त किया जाता है। किसी संगठन या बिजनेस का अतिरिक्त मान उसके द्वारा उत्पादन को इस्तेमाल किए गए आउटपुट में इनपुट में माइनस कर प्राप्त किया जाता है। इनपुट में उत्पादन प्रक्रिया में इस्तेमाल की गई मध्यवर्ती आदानों का मूल्य शामिल होता है।
Diff level : 3

SSC| BANKING |RLY

48.

Answer: (d)

Explanation: लॉर्ड केनिन के शासनकाल के समय 1856 ई० में विधवा पुनर्विवाह अधिनियम पारित हुआ। लॉर्ड केनिन भारत का प्रथम वायसराय और भारत का अंतिम गवर्नर जनरल था, जिनकी िनियुक्ति भारतीय कंपनी के अधीन हुई थी। इनके समय की सबसे महत्वपूर्ण घटना सन् 1857 की सिपाही विद्रोह रही। इसी विद्रोह के बाद प्रशासनिक सुधार के अंतर्गत भारत का शासन कंपनी के हाथों से सीधे ब्रिटिश सरकार के नियंत्रण में ले लिया गया। केनिन के समय ही इंडियन हाइकोट एक्ट (1856) पारित हुआ, जिसके द्वारा बम्बई, कलकत्ता तथा मद्रास में एक-एक उच्च न्यायालय की स्थापना की गई।

Diff level : 3

49.

Answer: (c)

Explanation: अर्थव्यवस्था की स्थिति में जीडीपी में तृतीयक क्षेत्र या सेवा क्षेत्र का योगदान बढ़ता है। उदाहरणार्थ भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के साथ सेवा क्षेत्र का जीडीपी में योगदान 1950-51 के 30.3 प्रतिशत से क्रमश: बढ़ते हुए 1980-81 में 37.65 प्रतिशत, 1990-91 में 42.55 प्रतिशत, 2000-01 में 50.37 प्रतिशत तथा 2014-15 में 53.4 प्रतिशत हो गया है।

Diff level : 3

50.

Answer: (b)

Explanation: भारत में 'छोटे किसानों' से तात्पर्य ऐसे किसानों (स्वामी, पट्टेदार एवं साझेदार के रूप में) से है, जो 1 से 2 हेक्टेयर (2.5 से 5 एकड़) भूमि पर खेती करते हैं। 'सीमांत किसान' से तात्पर्य ऐसे किसानों से है, जो अधिकतम 1 हेक्टेयर (2.5 एकड) भूमि पर खेती करते हैं।

Diff level : 3

51.

Ans-(b)

Explanation: Na_2CO_3 धोवन सोडा या सोडियम कार्बोनेट का रासायनिक सूत्र है। इसका उपयोग कपड़ा धोने, ग्लास निर्माण, कागज उधोग, जल की स्थायी कठोरता हटाने आदि में किया जाता है।

Diff level : 2

52.

Answer: (b)

Explanation: एस्ट्राडियोल के संश्लेषण के लिए कोलेस्ट्रॉल आवश्यक होता है।

इन्सुलिन - इन्सुलिन का निकर्षण अग्नयाशय से होता है इसके कमी से चीनीया रोग (डाइबिटिज) होता है। यह ग्लुकोज लीवर में ग्लाइकोजन के रूप में संचित रहता है।

Diff level : 3

53.

Answer: (d)

Explanation: जब कोई प्रकाश तरंग वायु से कांच या एक माध्यम से दूसरे माध्यम में जाती है तो प्रकाश की आवृत्ति वही रहती है लेकिन उसका तरंग दैध्र्य तथा वेग बदल जाता है।

Diff level : 2

54.

Answer: (a)

Explanation: सबसे भारी प्राकृतिक तत्व यूरेनियम है, जिसका परमाणु भार 238.03 है।

Diff level : 2

55.

Answer: (c)

Explanation: स्टेनलेस स्टील में 18 प्रतिशत तक क्रोमियम और निकेल होते हैं एवं कुछ मात्रा में लोहा मिलाया जाता है। इसका उपयोग बर्तन बनने में होता है।

लेकिन मैग्नेशियम ऐसे धातु स्टील में नहीं मिलाया जाता है।
Diff level : 2

56.

Answer: (b)
Explanation: डायनेमो विद्युत चुम्बकीय प्रेरण के सिद्धांत पर कार्य करता है। यह यांत्रिक ऊर्जा को विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
Diff level : 2

57.

Answer: (d)
Explanation: चीड़, कर, स्प्रूस, सिडार लार्च, साइकस, पाइनस ये सभी वृक्ष अनावृतबीजी या नग्नबीजी समूह के है। इस समूह के पौधें में बीज पाए जाते हैं किन्तु फल नहीं लगता है।
Diff level : 2

58.

Answer: (c)
Explanation: पृथ्वी की आंतरिक संरचना सियाल, सीमा और निफे से हुई है। पृथ्वी के अंतरिक भाग की ऊपरी परत 'सियाल' कहलाती है जिसमें सिलिका और एल्युमिनियम की प्रधानता होती है। सियाल के नीचे 'सीमा' नामक परत है जिसमें सिलिका और मैग्नीशियम की प्रधानता होती है। पृथ्वी का केन्द्रीय भाग क्रोड या निफे कहलाता है। यह निकेल और लोहे का बना होता है।
Diff level : 2

59.

Ans-(a)
Explanation: संक्रमण धातुओं का इस्तेमाल प्रत्यक्ष रूप से कार निकासों के अप्रदूषण उत्प्रेरक परिवर्तक के रूप में किया जाता है। उदाहरण के लिए, कीमती संक्रमण धातु जैसे प्लैटिनम एवं रेडियम का इस्तेमाल कार में कार्बन मोनोऑक्साइड एवं नाइट्रोजन मोनोऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने के लिए उत्प्रेरक के रूप में किया जाता है जिनका परिवर्तन गैर-प्रदूषक गैसों नाइट्रोजन एवं कार्बन डाई ऑक्साइड में हो जाता है।
Diff level : 3

60.

Answer: (b)
Explanation: प्रकाश की परावर्तन, अपवर्तन विवर्तन, व्यतिकरण एवं ध्रुवीकरण की प्रक्रिया से पता चलता है कि प्रकाश तरंग प्रकृति की होती है लेकिन प्रकाश विद्युत प्रभाव एवं कॉम्पटन प्रभाव से पता चलता है कि प्रकाश कण प्रकृति की होती है। इस प्रकार तरंग एवं काण दोनों प्रकृति की होती है।
Diff level : 2

61.

Answer: (b)
Exp- मानव में पाचन तंत्र की प्रक्रिया का शुरूआत मुख गुहा से ही हो जाता है। मुख गुहा में टायलिन एंजाइम स्टार्च को माल्टोज में बदल देता है।
Diff level : 2

62.

Answer: (c)
Explanation: न्यूनट के गति का तीसरा नियम है- जब एक पिंड किसी दूसरे पिंड पर कोई बल लगाता है तो दूसरा पिंड भी बराबर बल विपरीत दिशा में पहले पिंड पर लगाता है। दूसरे शब्दों में, ''प्रत्येक क्रिया के बराबर एवं विपरीत दिशा में प्रतिक्रिया होती है।''
Diff level : 2

63.

Ans-(a)
Explanation: स्कवी रोग विटामिन C (एस्कॉर्बिक एसिड) की कमी से होने वाला एक रोग है। ब्रिटिश चिकित्सक सर थॉमस बारलों ने 1883 में इस रोग का

SSC| BANKING |RLY

वर्णन किया था। इस रोग को बारलों रोग भी कहा जाता है।
Diff level : 3

64.

Answer: (d)
Explanation: MS-Word में बहुविध शब्दों, लाइनों या पैराग्राफों का चयन कन्ट्रोल +C कुंजी का प्रयोग करके किया जाता है।
Diff level : 3

65.

Answer: (d)
Explanation: ऐरेनिओलॉजी के अंतर्गत मकड़ियों का अध्ययन किया जाता है। कीटविज्ञान पर आधारित यह विभाग स्पाइडर्स से संबंधित है।
Diff level : 2

66.

Answer: (b)
Explanation: न्यूट्रॉन परमाणु का एक ऐसा घटक है जो न्यूट्रल रहता है अर्थात् न्यूट्रॉन में विद्युत चार्ज नहीं होता। इस प्रकार यदि किसी परमाणु के इलेक्ट्रॉनों और प्रोटॉनों की संख्या समान होती है, तो उसके समान इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन एक दूसरे को कैंसिल कर देते हैं और परमाणु के पास कोई चार्ज़ नहीं होता। हाइड्रोजन में इलेक्ट्रॉन और प्रोटॉन की संख्या 1 होती है। अत: इसके केन्द्र में न्यूट्रॉनों की संख्या नगण्य होती है।
Diff level : 2

67.

Answer: (d)
Exp- हीमोग्लोबीन रक्त में ऑक्सीजन का संचार करती है। इसमें आयरन यौगिक पाया जाता है और यह लाल रंग का होता है।
Diff level : 3

68.

Ans-(a)
Explanation: वायरल हेपेटाइटिस बीमारी को रोकथाम, परीक्षण और उपचार के बारे में पूरे विश्व में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से 28 जुलाई, 2016 को पूरे विश्व में 'विश्व हेपेटाइटिस दिवस' मनाया गया। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मई, 2010 में एक प्रस्ताव पारित करके प्रत्येक वर्ष एक नए विषय के साथ इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई। हेपेटाइटिस-बी वायरस के खोजकर्त्ता प्रोफेसर बारूक ब्लमवर्ग के जन्मदिवस 28 जुलाई को मनाया जाता है।
Diff level : 2

69.

Answer: (b)
Explanation: 'लोगो' कार्यात्मक प्रोग्रामिंग के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक कम्प्यूटर प्रोग्रामिंग भाषा है। इसमें एक टर्टल कर्सर की सहायता से मूल आकार का चित्रण किया जाता है। इस भाषा को विशेष तौर से बच्चों के लिए बनाया गया है।
Diff level : 2

70.

Answer: (c)
Explanation: संचायक बैटरी में सीसा (Pb) धातु का इस्तेमाल किया जाता है। इसका अयस्क 'गैलना' होता है।
Diff level : 2

71.

Answer: (b)
Explanation: बुध (Mercury) का कोई उपग्रह नहीं है। यह सूर्य का सबसे नजदीकी ग्रह है, जो सूर्य निकलने के दो घंटा पहले दिखाई पड़ता है। यह सबसे छोटा ग्रह है। इसका विशिष्ट गुण चुम्बकीय क्षेत्र का होना है। यह सूर्य की परिक्रमा सबसे कम समय में पूरी करता है।
Diff level : 2

72.

Answer: (b)

Explanation: चन्द्रमा के गुरूत्वाकर्षण क्षेत्र के कारण चन्द्रमा का त्वरण पृथ्वी के त्वरण का 1/6 है। इस प्रकार एक ही शरीर का वनज पृथ्वी की सतह की तुलना में चाँद पर 1/6 होता है। इसी कारण पृथ्वी की तुलना में मनुष्य चाँद पर 6 गुणा ऊँची छलांग लगा सकता है।

Diff level : 2

73.

Answer: (c)

Explanation: सोडियम नाइट्रेट का सूत्र है $NaNO_2$ होता है। इसका उपयोग खाद के रूप में किया जाता है।

सूत्र	रासायनिक नाम
$NaSO_4.10H_2O$	सोडियम सल्फेट
$NaNO_3$	सोडियम नाइट्राइट
$NaHCO_3$	सोडियम बाईकार्बोनेट

Diff level : 3

74.

Answer: (d)

Explanation: विन्डोज-NT को मल्टी प्रोसेस सिस्टम के लिए डिजाइन किया गया है। यह प्रतिसम मल्टीप्रोसिंग को सपोट करता है, जो हर समय मल्टीपल माइक्रोप्रोसेसर्स को प्रोडक्टिव बनाए रखने, इस दौरान सभी सिस्टम को इनक्रीज रखने और उपलब्ध प्रोसेसिंग पॉवर का लाभ लेने में इसे समर्थ बनाता है।

Diff level : 2

75.

Answer: (d)

Explanation: पिटवा इस्पात (लोहा) में कार्बन की मात्रा सबसे कम होती है। इसमें कार्बन की मात्रा 0.25% होती है। इसे ढलवा लोहा से प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग चादर, तार आदि चीजों बनाने में किया जाता है।

Diff level : 2

76.

Answer: (b)

Explanation: व्यंजक

$$= \sqrt{\sqrt[3]{0.000729}}$$
$$= \sqrt{\sqrt[3]{0.09 \times 0.09 \times 0.09}}$$
$$= \sqrt{0.09} = \sqrt{0.3 \times 0.3} = 0.3$$

Diff level : 2

77.

Answer: (b)

Explanation:

पहला भाजक (425) दूसरे भाजक (17) का अपवत्र्य है।

$\therefore$ अभीष्ट शेषफल = 45 में 17 से भाग देने पर प्राप्त शेषफल = 11

Diff level : 2

78.

Answer: (d)

Explanation: $\frac{ABC}{DEF} = \frac{AB^2}{DE^2}$

$$\Rightarrow \frac{20}{45} = \frac{25}{DE^2}$$
$$\Rightarrow DE^2 = \frac{45 \times 25}{20} = \frac{225}{4}$$
$$\therefore DE = \frac{15}{2} = 7.5 \text{ सेमी०}$$

Diff level : 3

79.

Answer: (d)

Explanation: $\frac{1}{1+\cot^2\theta} + \frac{3}{1+\tan^2\theta} + 2\sin^2\theta$

$$= \frac{1}{\operatorname{cosec}^2\theta} + \frac{3}{\sec^2\theta} + 2\sin^2\theta$$
$$= \sin^2\theta + 3\cos^2\theta + 2\sin^2\theta$$
$$= 3(\sin^2\theta + \cos^2\theta) = 3$$

Diff level : 3

80.

Answer: (c)

Explanation: सीता + गीता का काम

$$= \frac{1}{20} + \frac{1}{30} = \frac{3+2}{60} = \frac{1}{12}$$

अर्थात् दोनों 12 दिन में कार्य समाप्त करती है।

Diff level : 3

81.

Answer: (b)

Explanation: माना दी गई संख्या को 24 से भाग देने पर

भागफल = q तथा शेषफल = 16

तब दी गई संख्या = 24q + 16

= 12 × 2q + 12 × 1 + 4

= 12 × (2q + 1) + 4

अत: दी गई संख्या को 12 से भाग देने पर शेषफल = 4

Diff level : 3

82.

Answer: (a)

Explanation: $120 = \frac{300 \times 4 \times r}{100} + \frac{400 \times 3 \times r}{100}$

$\Rightarrow \; 24r = 120$

$\Rightarrow \; r = \frac{120}{24} = 5\%$ प्रति वर्ष

Diff level : 3

83.

Answer: (c)

Explanation: $x \times \frac{83}{100} = 498$

$\Rightarrow \; x = \frac{498 \times 100}{83} = 600$

Diff level : 2

84.

Answer: (d)

Explanation:



$DN \perp AB$ एवं $CM \perp AB$

ΔAOD का क्षेत्र $= \Delta BOC$ का क्षे०

$\Rightarrow \Delta AOD + \Delta AOB = \Delta BOC + \Delta AOB$

$\Rightarrow \Delta ABD = \Delta ABC$

$\Rightarrow \frac{1}{2} \times AB \times DN$

$= \frac{1}{2} \times AB \times CM$

$\Rightarrow \; DN = CM$

$\therefore \; DN \parallel CM$

$\therefore$ DCMN एक समांतर चतुर्भुज है।

$\therefore$ DC || AB

$\therefore$ ABCD एक समलंब चतुर्भुज है।

Diff level : 3

85.

Answer: (b)

Explanation: 1 किग्रा० सेब की कीमत = 90 रू०

1 दर्जन आम की कीमत = 360 रू०

1 किग्रा० संतरे की कीमत = 60 रू०

8 किग्रा० सेब, 8 दर्जन आम और 8 किग्रा० संतरे की कुल कीमत = 8 × 90 + 8 × 360 + 8 × 6

= 8(90 + 360 + 60) = 8 × 510 = 4080 रू०

Diff level : 3

86.

Answer: (b)

Explanation: $\because \; (360 - 144)^\circ \equiv 1500$ घन सेमी०

$\therefore \; 144^\circ \equiv \frac{1500}{(360 - 144)} \times 144$

$\equiv \frac{1500}{216} \times 144 = 1000$ घन सेमी०

Diff level : 3

87.

Answer: (c)

Explanation: $4^{3x+3} = (64)^{4x-5}$

या, $4^{3x+3} = 4^3(4x - 5)$

या, $3x + 3 = 12x - 15$

या, $9x = 18 \;\; \therefore x = 2$

Diff level : 2

88.

Answer: (b)

Exp- 10 मी./सें $= \left(10 \times \frac{18}{5}\right)$ किमी०/घंटा

$= 36$ किमी०/घंटा

Diff level : 2

89.

Answer: (b)

Explanation: वस्तु का क्रय मूल्य

KV Classes
SSC| BANKING |RLY

$= \frac{75}{(5\% + 10\%)} \times 100$

$= \frac{75}{15} \times 100 = 500$

Diff level : 2

90.

Answer: (a)

Explanation:

घनाभ का विकर्ण

$= \sqrt{l^2 + b^2 + h^2} = \sqrt{5^2 + 4^2 + 3^2}$

$= \sqrt{25 + 16 + 9} = \sqrt{50} = 5\sqrt{2}$ सेमी0

Diff level : 2

91.

Answer: (c)

Explanation:

(1) 47649 × 7 = 333543
(2) 47719 × 7 = 334033
(3) 47619 × 7 = 333333
(4) 48619 × 7 = 340333

अत: सबसे छोटी 47619 संख्या है, जिसमें 7 से गुणा करने पर सभी अंक 3 प्राप्त होते हैं।

Diff level : 2

92.

Answer: (d)

Explanation: अगले 4 दिन की कुल बचत

$= 1000$ का $\frac{4}{5} + 1000$ का $\left(\frac{4}{5}\right)^2 +$

1000 का $\left(\frac{4}{5}\right)^3 + 1000$ का $\left(\frac{4}{5}\right)^4$

$= 1000 \times \frac{4}{5}\left[1 + \frac{4}{5} + \frac{16}{25} + \frac{64}{125}\right]$

$= 800 \times \frac{369}{125} = 2361.60$ रू0

Diff level : 2

93.

Answer: (b)

Explanation: $A:B:C = \frac{A}{B} : \frac{B}{C}$

$= \frac{2}{3} \times \frac{4}{4} : \frac{4}{1} \times \frac{3}{3} = 8:12:3$

Diff level : 2

94.

Answer: (d)

Explanation: बन्दर द्वारा 2 मिनट में चढ़ा गया भाग

$= 12 - 3 = 9$ मीटर

$\therefore$ 81 मीटर चढ़ने में लगा समय

$= 2 \times 9 = 18$ मिनट

शेष बचा हुआ भाग $= 90 - 81 = 9$ मीटर

अत: बन्दर को 9 मीटर चढ़ने में लगा समय

$= \frac{60}{12} \times 9 = 45$ सेकेण्ड

$\therefore$ कुल समय $= 18$ मिनट + 45 सेकेण्ड

$= 18$ मिनट व 45 सेकेण्ड

Diff level : 3

95.

Answer: (a)

Explanation: 4 लीटर रस में नींबू की मात्रा

$= \frac{4 \times 40}{100} = 1.6$ लीटर

तथा 4 लीटर रस में पानी की मात्रा

$= 4 - 1.6 = 2.4$ लीटर

$\therefore$ 1 लीटर पानी और मिलाने पर पानी की मात्रा

$= 1 + 2.4 = 3.4$ लीटर

$\therefore$ नए मिश्रित रस में नींबू की प्रतिशतता

$= \frac{1.6 \times 100}{4 + 1} = 32$

Diff level : 3

96.

Answer: (d)

Explanation: वस्तु का विक्रय मूल्य

$= \frac{(100 - \text{हानि}\%)}{100} \times$ क्रय मूल्य

$= \frac{100 - 10}{100} \times 15 = \frac{90 \times 15}{100} = 13.50$ रू0

Diff level : 2

97.

Answer: (c)

Explanation: वृत्त का क्षेत्रफल में प्रतिशत वृद्धि

$$= \left(2x + \frac{x^2}{100}\right), \text{ यहाँ } x = 25 \text{ है}$$

$$= \left(2 \times 25 + \frac{25^2}{100}\right)$$

$$= 50 + 6.25 = 56.25 = \frac{225}{4}$$

Diff level : 3

98.

Answer: (a)

Explanation: $\because \frac{P+Q+R}{3} = R+5$

$$\Rightarrow P+Q+R = 3R+15$$

$$\Rightarrow P+Q = 3R-R+15$$

$$\Rightarrow 2R+15 = P+Q = 39$$

$$\Rightarrow 2R = 39-15 = 24$$

$$\therefore R = \frac{24}{2} = 12 \text{ वर्ष}$$

Diff level : 2

99.

Answer: (a)

Explanation:



पूरे लॉन की परिधि $= 20 + 20 + 14 + \pi r$

$$= 54 + \frac{22}{7} \times 7 = 54 + 22 = 76 \text{ मीटर}$$

Diff level : 3

100.

Answer: (c)

Explanation: कुल छात्रों की संख्या = 40 × (60 – 50)

= 40 × 10 = 400

Diff level : 2

101.

Answer: (c)

Explanation: 'अवज्ञा' एवं 'आज्ञापालन' एक-दूसरे के विपरीत अर्थवाले शब्द हैं। उसी प्रकार, 'विश्राम' एवं 'परिश्रम' एक-दूसरे के विपरीत अर्थवाले शब्द हैं।

Diff level : 2

102.

Answer: (a)

Explanation: जल में आदमी तैरता है। उसी प्रकार, भूमि पर आदमी चलता है।

Diff level : 2

103.

Answer: (a)

Explanation: डॉक्टर रोगी को परामर्श देते हैं। उसी प्रकार, सलाहकार विद्याथ्र्ाी को परामर्श देते हैं।

Diff level : 2

104.

Answer: (a)

Explanation:

$A \xrightarrow{+1} B$

$N \xrightarrow{+1} O$

उसी प्रकार,

$C \xrightarrow{+1} D$

$P \xrightarrow{+1} Q$

Diff level : 2

105.

Answer: (d)

Explanation:



उसी प्रकार



Diff level : 2

106.

Answer: (c)

Exp-



उसी प्रकार



Diff level : 2

107.

Answer: (a)

Explanation: $196 = (14)^2 : 169 = (13)^2$

$81 = (9)^2; (8)^2 = 64$

Diff level : 2

108.

Answer: (c)

Explanation: तीन अंकीय संख्या के लिए एक ही अंक तीन बार लिखा गया है। उसी प्रकार, दो अंकीय संख्या के लिए एक अंक दो बार लिखा जाएगा।

$130 \Rightarrow 222$

$30 \Rightarrow 66$

Diff level : 2

109.

Answer: (b)

Explanation: $4 \times 4 = 16$

मध्य संख्या पहली एवं तीसरी संख्याओं के गुणनफल के बराबर है।

$2 \times 2 = 4, 3 \times 3 = 9$

अतः $? = 9 \times 9 = 81$

Diff level : 2

110.

Answer: (a)

Explanation:



Diff level : 3

111.

Answer: (d)

Explanation:





उसी प्रकार



Diff level : 2

112.

Answer: (b)

Explanation: जिस प्रकार माँ से बच्चा प्राप्त होता है उसी प्रकार प्रयास से सफलता।

Diff level : 2

113.

Answer: (d)

Explanation: 50 ÷ 5 × 10 – 25 + 75 = 150

Diff level : 2

114.

Answer: (b)

Explanation:

1 5 2 3 4

U R B A N

Diff level : 2

115.

Answer: (a)

Explanation: गाजर सब्जी वर्ग के अंतर्गत आता है। सेब एक फल है।



Diff level : 2

116.

Answer: (c)
Explanation:



अत: अभीष्ट दूरी AD = (25 + 5) = 30 किमी०

Diff level : 2

117.

Answer: (d)

Explanation: 4 × 2 = 8 (5 + 3)

8 × 2 = 16 (10 + 6)

20 × 2 = (25 + 15)

Diff level : 2

118.

Answer: (a)

Explanation: उत्तर आकृति (a) प्रश्न आकृति को पुरा करेगी।

Diff level : 2

119.

Answer: (d)

Explanation: अर्थपूर्ण शब्द हैं-LANE, LEAN, ELAN

Diff level : 2

120.

Answer: (d)

Explanation: इनका क्रम इस प्रकार होगा-

D > C > A > B

Diff level : 2

121.

Answer: (b)

Explanation: सही समय

= 11 : 60
–8 : 30
3 : 30

Diff level : 2

122.

Answer: (c)

Explanation: सांकेतिक भाषा में

S O N or T E N
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
6 7 8 9 4 8

∴ STONE → 69784

Diff level : 2

123.

Answer: (b)

Explanation: प्रश्नगत श्रृंखला में दो युग्म ऐसे हैं, जो प्रश्नानुसार अपने पूर्वपद से विभाज्य हैं लेकिन अलगे पद से नहीं। अर्थात् 2 **8** 3 और 4 **8** 9

Diff level : 2

124.

Answer: (a)

Explanation:

A P P R E C I A T I O N
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
1 7 7 8 3 2 4 1 9 4 6 5

अत:

P E R C E P T I O N
↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓ ↓
7 3 8 2 3 7 9 4 6 5

Diff level : 3

125.

Answer: (c)

Explanation: अतिथि को 5 सितम्बर को आना था पर 8 दिन के लिए प्रोग्राम स्थगित करने पर आने की तिर्थि

= 5 + 8 = 13 सितम्बर

∴ 5 + 2 = 7 सितम्बर को सोमवार पड़ता है इसलिए 13 सितम्बर को रविवार पड़ेगा।

Diff level : 3

126.

Answer: (c)

Explanation: दिए गए शब्द में 'A' अक्षर नहीं है। अत: शब्दा SITUATION नहीं बनाया जा सकता है।

[D I S T R] I [B U] T I O N → DISTURB
D I S [T] R I B [U T I O N] → TUTION
D I [S T R] I B [U T] I O N → TRUST

Diff level : 3

127.

Answer: (d)

Explanation: दिए गए शब्द में 'C' तथा 'O' अक्षर नहीं हैं। अत: शब्द DOCTOR नहीं बनाया जा सकता।

[S] U P [E] R [I N T E N] D E N T → INTENSE
[S U] P [E R] I [N] T E N D E N T → NURSE
[S] U P E R [I] N [T] E N [D E N T] → DENTIST

Diff level : 3

128.

Answer: (a)

Explanation: चूँकि A और C दोनों B की संतान है पर A, C का भाई नहीं है अर्थात् बहन है।

अत: A, B की पुत्री है।

Diff level : 2

129.

Answer: (b)

Explanation: शब्दों का सार्थक आरोही क्रम :

3. पाषाण युग
↓
2. धातु युग
↓
4. मिश्रधातु
↓
1. अणु युग

Diff level : 2

130.

Answer: (c)

Explanation: रबर को छोड़कर, अन्य सभी लिखने और रंग भरने के लिए उपयोग किए जाते हैं। रबर से पेंसिल के मार्क को मिटाया जाता है।

Diff level : 2

131.

Answer: (a)

Explanation: चंद्रमा को छोड़कर अन्य सभी ग्रह हैं। चन्द्रमा एक उपग्रह है।

Diff level : 2

132.

Answer: (d)

Explanation: वर्ण E को छोड़कर अन्य सभी वर्ण व्यंजन है। E एक स्वर है।

Diff level : 2

133.

Answer: (c)

Explanation:

E —(–3)→ B —(+2)→ D
I —(–3)→ F —(+2)→ H
Q —(–3)→ N —(+1)→ O
Y —(–3)→ V —(+2)→ X

Diff level : 2

134.

Answer: (d)

Explanation: संख्या 21 को छोड़कर अन्य सभी सम संख्याएँ हैं।

Diff level : 2

135.

Answer: (c)

Explanation: संख्या युग्म 52 – 62 को छोड़कर अन्य सभी युग्मों में दोनों संख्याओं के बीच 8 का अंतर है।

30 – 22 = 8; 44 – 36 = 8; 85 – 77 = 8

परंतु 62 – 52 = 10

Diff level : 3

136.

Answer: (c)

Explanation: अंग्रेजी शब्दकोश के अनुसार शब्दों का क्रम :

1. Banal
↓
2. Banana
↓
4. Bandage
↓

SSC| BANKING |RLY

5. Bandit
↓
3. Banish

Diff level : 3

137.

Answer: (b)

Explanation: विकल्प (b) के द्वारा प्रश्न आकृति पूरी की जाती है।

Diff level : 2

138.

Answer: (a)

Explanation: जिस प्रकार,



उसी प्रकार,



Diff level : 3

139.

Answer: (d)

Explanation: कर्मचारी जो बुद्धिमान, परिश्रमी और वफादार हैं किन्तु स्नातकोत्तर, नहीं हैं, को वृत्त, वर्ग तथा आयत में व्याप्त क्षेत्र द्वारा दर्शाया जा सकता है। ऐसे क्षेत्र को '4' द्वारा दिखाया गया है।

Diff level : 3

140.

Answer: (c)

Explanation: गोलियों की अभीष्ट संख्या = 3, 5 और 6 का म०स० = 30

Diff level : 2

141.

Answer: (d)

Explanation: माना नरेश के भाई की उम्र = x वर्ष

$\therefore$ अत: नरेश की उम्र = 2x – 4

Diff level : 2

142.

Answer: (b)

Explanation: माना कि पुत्र x वर्ष का है।

$\therefore$ पुत्र के जन्म के समय पिता कि आयु

$= (48 - x)$ वर्ष

प्रश्नानुसार,

$3x = 48 - x$

या $4x = 48$

$\therefore x = 12$

अत: 4 वर्ष पूर्व पूत्र की आयु

$= (12 - 4) = 8$ वर्ष

Diff level : 2

143.

Answer: (a)

Explanation: कुल घटनाओं की संख्या = 6

बिन्दुओं की संख्या 5 से कम होने की घटना = 4

$\therefore$ बिन्दुओं की संख्या 5 से कम होने की प्रायिकता

$= \frac{4}{6} = \frac{2}{3}$

Diff level : 2

144.

Answer: (b)

Explanation: (2) (15 – 10) ÷ (130 + 10) × 50

चिन्ह परिवर्तित करने पर-

(15 × 10) + (130 ÷ 10) – 50

= 150 + 13 - 50

= 113

Diff level : 2

145.

Answer: (b)

Explanation:



त्रिभुज इस प्रकार हैं :

Δ ABC; Δ ADE; Δ AFH; Δ AIL;

SSC| BANKING |RLY

Δ DFG; Δ DIK; Δ DBO; Δ GDE;
Δ EGH; Δ EJL; Δ EMC; Δ FIJ;
Δ FBN; Δ JFG; Δ GJK; Δ KGH;
Δ HKL; Δ HNC; Δ NFH; Δ GMO;
Δ IBM; Δ MIJ; Δ JMN; Δ NJK;
Δ KNO; Δ OKL; Δ LOC;

Diff level : 3

146.

Answer: (b)

Explanation: प्रश्नानुसर, वेन-आरेख खींचने पर-



विकल्प (b) निष्कर्ष I गलत है और II भी सही है।

अत: केवल निष्कर्ष II निकलता है।

Diff level : 3

147.

Answer: (d)

Explanation: प्रश्नानुसार, वेन-आरेख खींचने पर-



विकल्प (d) निष्कर्ष I गलत और II भी गलत है।

अत: दोनों में से कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है।

Diff level : 3

148.

Answer: (a)

Explanation: दिए गए आकृति में विकल्प (a) होगा।

Diff level : 2

149.

Answer: (b)

Explanation: दिए गए आकृति में खण्डो की संख्या 8 है।

Diff level : 2

150.

Answer: (b)

Explanation:

ac [a] c/ab [a] b/ a c a [c] / aba [b] / a c a [c]

Diff level : 2